मेघालय की संस्कृति से परिचित होंगे छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

राजकीय महाविद्यालय में हुआ भारत क्लब एवं फिटनेस क्लब का गठन

ललितपुर। रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब एवं फिटनेस क्लब का गठन प्राचार्य प्रो. जेपी सिंह द्वारा किया गया। इससे कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मेघालय की संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. रीतेश कुमार खरे ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को अरुणाचल प्रदेश और मेघालय राज्य से जोड़ा गया है। इस क्रम में उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने कॉलेज को शिलांग के कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन के साथ संयुक्त किया है। ललितपुर के छात्र-छात्राओं को मेघालय की संस्कृति से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा। इसी प्रकार फिटनेस क्लब के माध्यम से फिट इंडिया मूवमेंट के विविध कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसमें कॉलेज के अन्य प्राध्यापकों और 40 छात्र-छात्राओं को भी स्थान दिया गया है। इस मौके पर प्रो. केशव देव, प्रो. अनुराधा एवं प्रिंस राठौर, विवेक बुधौलिया, बाबूलाल, अमित कुमार,जनक नंदिनी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।